दिन— शनिवार | दिनांक— 30 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग पांच दिनों की भारत यात्रा पर गयाजी पहुंचे। महाबोधि मंदिर में की पूजा—अर्चना।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

03. पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सख्त निर्देश दिए।

04. और, राज्य में आंधी—बारिश और वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग् आज भारत के पांच दिनों के दौरे पर बिहार के गयाजी पहुंचे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि म्यांमा के राष्ट्रपति के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल भी भारत आया है।

——साउंड बाइट——

म्यांमा के राष्ट्रपति आज सुबह नौ बजे विशेष विमान से गया जी एयरपोर्ट पहुंचे। गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और अन्य अधिकारियों ने उनका भव्य स्वगत किया। पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग् विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर और बकराउर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में पूजा अर्चना किया। साथ ही वह म्यांमा के विभिन्न बोद्ध मठों का भी दौरा किया। राष्ट्रपति के साथ उच्च स्तरीय अधिकारियों और बोद्ध प्रतिनिधियों का एक शिष्ट मंडल भी मौजूद था। म्यांमा के राष्ट्रपति आगमन को देखते हुए महाबोधि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कडे प्रबंध किए गए थे। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

राष्ट्रपति दिल्ली पहुंच गए हैं। केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वे आज शाम विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। सोमवार को म्यांमा के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे। यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। यात्रा के क्रम में राष्ट्रपति व्यापार और उद्योग जगत से वार्ताओं के लिए मुंबई भी जाएंगे।

————————————————————————————

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बैठक के दौरान म्यांमा और भारत के बीच आपसी संबंधों से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमा के राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उत्सुक है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पटना समाहरणालय भवन में आज जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और जिला नागरिक परिषद की बैठक आयोजित की गयी। श्री चौधरी ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने राज्य में चल रही विभिन्न योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि बिना निबंधन वाली नावों का परिचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

––साउंड बाइट––

जिलाधिकारी ने बताया कि सूर्यास्त के बाद तथा सूर्योदय से पहले गंगा नदी में नावों का परिचालन नहीं किया जाएगा। उन्होंने पटना के सभी घाटों पर पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने कहा है कि पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल एक जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन का सर्वोच्च मानदंड स्थापित होगा। बोर्ड ने कहा है कि विद्यार्थी किसी भी जानकारी के लिए सीबीएसई की टेली परामर्श हेल्पलाइन– **एक आठ शून्य शून्य– एक एक– आठ शून्य शून्य चार** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

———————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन देने के लिए एक निजी कोचिंग सेंटर पर सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, दो हजार उन्नीस के तहत अंतिम आदेश पारित किया।

———————————————————————

बिहार सरकार ने भ्रष्टचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि विशेष निगरानी इकाई से प्राप्त प्रवर्तन निदेशालय के दस्तावेजों में अनुचित लाभ लेने के आरोप में निलंबन की गयी है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी योगेश कुमार सागर को और इसी आरोप के आधार पर जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर कार्यरत और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। वर्ष अठारह सौ छब्बीस में आज के दिन ही हिंदी भाषा का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ था। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

उदन्त मार्तण्ड समचार पत्र के संपादक और संस्थापक, पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। उन्होंने हिंदुस्तानियों के हित के हेत जैसे अमर संकल्प और भारतीय पत्रकारिता की नींव रखने वाले ध्येय वाक्य के साथ उदन्त मार्तण्ड समाचार पत्र की कोलकाता के बड़ा बाजार इलाके से नींव रखी। उस दौर में, जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था तब हिंदी में समाचार पत्र निकालना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समस्त पत्रकार बंधुओं बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में निष्पक्ष, निर्भिक और जनहितकारी पत्रकार समाज को जागरूक तथा सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

————————————————————————————

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में संगठन विस्तार की सराहना की है। नवनियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————————

पटना में आज बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर पदयात्रा निकाली गई। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

आज सुबह छह बजे पटना के गांधी मैदान से आयकर गोलंबर तक पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए पदयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में लगभग पांच सौ पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा से पहले गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई।

—— साउंड बाइट——

सभी प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए और स्वच्छ तथा हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

————————————————————————————

मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमा गांव के गणेश चौक के पास एनएच– दो सौ सत्ताईस पर दो मोटरसाईकिल की आमने–सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल मधुबनी रेफर किया गया है।

————————————————————————

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण और दक्षिण–पूर्व भाग के जिले के विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात की संभावना है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

——साउंड बाइट——

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे अधिक एक सौ सोलह दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, पूर्णिया के कसबा में बयासी दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

————————————————————————

राज्य में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत हो गयी। हालांकि सरकार ने केवल सात लोगों की ही मौत की पुष्टि की है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि गया में तीन, नवादा, पूर्वी चम्पारण और औरंगाबाद में दो–दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, सारण, खगड़िया, रोहतास और भागलपुर में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन हादसों पर गहरा दुख जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव संविधान, चुनावी कानून और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पारदर्शी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही कराए जाते हैं। नई दिल्ली स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में श्री कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनावों के दौरान पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए लगभग एक करोड़ आठ लाख कर्मियों को तैनात किया जाता है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मिल रहे लाभों के लिए लाभुकों ने केंद्र सरकार का आभार जताया। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में सारण जिले के कई लाभुकों ने बताया कि गरीबों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं से उनके परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

——वॉक्सपॉप——

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग पांच दिनों की भारत यात्रा पर गयाजी पहुंचे। महाबोधि मंदिर में की पूजा–अर्चना।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

03. पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सख्त निर्देश दिए।

04. और, राज्य में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।